GOVERNMENT OF INDIA (BHARAT SARKAR)
MINISTRY OF RAILWAYS (RAIL MANTRALAYA)
(RAILWAY BOARD)

No. F(E)III/2008/PN1/13 New Delhi, dated: 29.10.2024.

The General Managers/Principal Financial Advisors,
All Zonal Railways/Production Units etc,
DGs of RDSO and NAIR.

**Subject:- Policy for references of Court Cases to Department of pension and Pensioners' Welfare-Instructions-reg.**

*****

A copy of Department of Pension and Pensioners' Welfare (DoP&PW)'s O.M. No. 38/05(25)/2024-P&PW(A)(9633) dated 15th July, 2024 on the above cited subject is enclosed for information and compliance. These instructions shall apply *mutatis mutandis* on the Railways also. DoP&PW's O.M. No. 38/70/14-P&PW(A) dated 07.10.2015 was circulated on Railways vide Board's letter of even number dated 11.01.2016.

2. All Zonal Railways/Production Units are advised that any such proposal seeking clarification from this office should invariably be approved by General Managers and concurred by Principal Financial Advisors.

G. Priya Sudarsani

(G. Priya Sudarsani),
Director, Finance (Estt.),
Railway Board.

D.A.: As above.

No. F(E)III/2008/PN1/13 New Delhi, Dated: 29.10.2024

**Copy to:**

Deputy Comptroller and Auditor General of India (Railways), Room No. 222, Rail Bhawan, New Delhi.

G. Priya Sudarsani

For Member Finance, Railway Board.

No. F(E)III/2008/PN1/13 New Delhi, Dated: 29.10.2024.

Copy to:-

1. The General Secretary, AIRF, Room No. 253, Rail Bhawan, New Delhi.
2. The General Secretary, NFIR, Room No. 256-E, Rail Bhawan, New Delhi.
3. The Members of the National Council, Departmental Council and Secretary Staff Side, National Council, 13-C, Feroz Shah Road, New Delhi.
4. The Secretary General, FROA, Room No. 256-A, Rail Bhawan, New Delhi.
5. The Secretary General, IRPOF, Room No. 268, Rail Bhawan, New Delhi.
6. The Secretary, RBSS, Group 'A' Officers Association, Rail Bhawan.
7. The Secretary, RBSS, Group 'B' Officers Association.
8. The General Secretary, RBSSSA, Room No. 451-A, Rail Bhawan, New Delhi.
9. The Secretary, Railway Board Ministerial Staff Association.
10. The Secretary, Railway Board Class IV staff Association.
11. The General Secretary, All India SC/ST Railway Employees Association, Room No. 7, Ground Floor, Rail Bhawan, New Delhi
12. The General Secretary, All India O.B.C. Railway Employees Federation (AIOBCREF), Room No.48, Rail Bhawan.

**For Principal Executive Director (IR), Railway Board.**

**No. F(E)III/2008/PN1/13** **New Delhi, Dated: .10.2024.**

**Copy to:-**

Adv. to MR, EDPG to MR, OSD to MR, OSD (Co-ord) to MR, , PS to MoSR(D), EDPG to MoSR(D), PS to MoSR(J), EDPG to MoSR(J), DPG to MoSR(J).

PSOs/Sr.PPSs/PPSs to CRB, MF, M/O&BD, M/Infra, M/TRS.

DG/HR, DG/Safety, DG(RHS), DG(RPF).

All Addl. Members, PEDs, All EDs, JSs.

Pay & Accounts Officer, M/o Railways (Railway Board)

**No. F(E)III/2008/PN1/13** **New Delhi, Dated: .10.2024.**

**Copy also to:-**

1. The DGs, IRICEN/Pune, IRIEEN/Nasik Road. IRIMEE/Jamalpur, IRISET/ Secunderabad
2. The CMDs, IRCON, IRFC, MRVC, IRC&TC, CONCOR, RITES, KRCL, RVNL, Railtel and MDs, CRIS, IRWO.
3. The Vice Chairman, Rail Land Development Authority, New Delhi.
4. The Registrar, RCT/Delhi.
5. Chairmen of all RRBs
6. The Chief Commissioner of Railway Safety/ Lucknow

(Copy to Department of Pension and Pensioners' Welfare (DoP&PW) w.r.t. their O.M. No. 38/05(25)/2024-P&PW(A)(9633) dated 15.07.2024)

*****

No.38/05(25)/2024-P&PW(A)(9633)
भारत सरकारGovernment of India
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय Ministry of Personnel, PG & Pensions
पेंशन और पेंशन भोगी कल्याण विभाग Department of Pension & Pensioners' Welfare

लोक नायक भवन 3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
खान मार्केट नई दिल्ली Khan Market, New Delhi-110 003

दिनांक Dated: 15.07.2024

## कार्यालय ज्ञापन/Office Memorandum

विषय: Policy for references of Court Cases to Department of Pension and Pensioners' Welfare - Instructions - reg.

The undersigned is directed to refer to this Department's OM No.38/70/14-P&PW(A) dated 07.10.2015 regarding consultation with this Department in all cases for implementation or otherwise of the court orders, where any policy issue relating to pension matters is involved.

2. The Department of Pension and Pensioners' Welfare, being nodal Department on pension matters, is impleaded along with the concerned administrative Ministries/Departments, either as main party or proforma party in almost all CAT/High Court/Supreme Court cases.

3. As per the instructions of DoPT vide OM No. 43011/9/2014-Estt.D dated 13.02.2015 and DO letter No. 1/50/3/2016-Cab dated 16th June 2016, the primary responsibility for defending the court case on behalf of the Government lies with the administrative Ministry/ Department concerned. If, however, any clarification is required on the interpretation or application of the rules or instructions relevant to the case, the concerned Ministry/ Department may consult the nodal Department, for that purpose a unified stand should be taken before the court of law and a common counter reply should be filed on behalf of the Government by the concerned administrative Ministry/ Department. In no case should the litigation be allowed to prolong to the extent that it results in contempt proceedings.

4. Under the extant policy, this Department is receiving Inter- Ministerial references in matters where SLP cases are to be filed. However, it has been observed that admission for filing SLP in concurrent judgments of Hon'ble CATs and High Courts have been minimal, as issues of facts/policy have already been addressed. Therefore, there is a pressing need to improve the quality of presenting Govt policy/rules in pleadings before the High Courts for safeguarding the interest of the UOI before the Courts of Law.

Contd....p/2

5. Hence, it is decided that all matters where Ministries/Departments seek to approach High Courts in CCS (Pension) Rules/Policy related issues, be referred to Department of Pension and Pensioners' Welfare alongwith the views of the administrative Ministry/ Department in a timely manner and comments/opinion of this Department received, if any, may be incorporated in the submissions made before Hon'ble High Courts in the matters involving major pension policy issues.

6. The administrative Ministry/Department while referring the proposal should invariably indicate all facts pertaining to the case in a Self Contained Note. The note should also include the relief sought by the petitioner/applicant, earlier advice/opinion of DoPPW, submission made by the Department before the Court/CAT, opinion of the Government Counsel on the judgment, opinion of D/o Legal Affairs and D/o Expenditure/DoPT, if any. **All the references should be made to this Department alongwith views in the matter and with the approval of the Secretary of the Administrative Ministry/Department well in advance.**

7. The above instructions may be brought to the notice of all concerned for strict compliance. These instructions are issued in consultation with Department of Expenditure.

8. यह इस विभाग के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है।

15/7/2024

(Dhrubajyoti Sengupta)
Joint Secretary to the Government of India
Tel. No 24625540
E mail: js-doppw@nic.in

To

The Secretaries of all Ministries/Departments of the Government of India

Copy for information to :

i. The Secretary, Department of Expenditure
ii. The Secretary, Department Personnel and Training
iii. The Secretary, D/o Legal Affairs
iv. All officers in the DoPPW

सं.38/05(25)/2024-पी&पीडबल्यू(ए)(9633)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तीसरा तल, लोक नायक भवन

खान मार्केट, नई दिल्ली-110003

दिनांक : 15.07.2024

## कार्यालय ज्ञापन

विषय : पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग को न्यायिक मामलों के संदर्भ भेजने हेतु नीति – अनुदेश – संबंधी।

अधोहस्ताक्षरी को इस विभाग के दिनांक 07.10.2015 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 38/70/14-पी&पीडबल्यू(ए) का संदर्भ देने का निदेश हुआ है, जो न्यायालय के आदेशों के कार्यान्वियन या अन्यथा ऐसे सभी मामलों में इस विभाग के साथ परामर्श करने के संबंध में हैं, जिनमें पेंशन से संबंधित कोई नीतिगत मुद्दा सम्मिलित है।

2. पेंशन संबंधी मामलों का नोडल विभाग होने के कारण पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, लगभग सभी केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण(कैट)/उच्च न्यायालय/सर्वोच्च न्यायिक मामलों में, संबद्ध प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों के साथ या तो मुख्य पक्ष या प्रोफार्मा पक्ष के रूप में पक्षकार बनाया जाता है।

3. कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 13.02.2015 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 43011/9/2014-स्था.डी और दिनांक 16.06.2016 के अ.शा. पत्र संख्या 1/50/3/2016-कैब के निर्देशानुसार, न्यायिक मामले में सरकार की ओर से बचाव करने का प्राथमिक उत्तरदायित्व संबद्ध प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग का है। तथापि, यदि मामले से सुसंगत नियमों या अनुदेशों की व्याख्या करने या लागू किए जाने पर किसी स्पष्टीकरण की आवश्यकता है, तो संबद्ध मंत्रालय/विभाग नोडल विभाग से परामर्श कर सकता है, जिसके प्रयोजनार्थ न्यायालय के समक्ष एकीकृत रूख लिया जाए और संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग द्वारा सरकार की ओर से एक साझा प्रतिउत्तर दाखिल किया जाए। किसी भी परिस्थिति में मुकदमे को इतना लंबा नहीं चलने दिया जाए कि इसके परिणामस्वरूप अवमानना की कार्यवाहियां हो।

4. मौजूदा नीति के अधीन, इस विभाग को ऐसे मामलों में अंतर-मंत्रालयी संदर्भ प्राप्त हो रहे हैं, जहां एसएलपी मामले दाखिल किए जाने हैं। तथापि, यह देखा गया है कि माननीय केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण(कैट) और उच्च न्यायालयों के समवर्ती निर्णयों में एसएलपी का ग्रहण न्यूनतम है, क्योंकि तथ्य/नीति के मुद्दों को पूर्व में संबोधित किया जा चुका है। अतः न्यायालयों के समक्ष भारत संघ के हितों की रक्षा के लिए उच्च न्यायालयों के समक्ष अभिवचन में सरकारी नीति/नियमों को प्रस्तुत करने की गुणवत्ता में सुधार करने की तत्काल आवश्यकता है।

जारी....पृ/2

5. अतः, यह निर्णय लिया गया है कि ऐसे सभी मामले, जिनमें मंत्रालय/विभाग केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमों/नीति से संबंधित मुद्दों को उच्च न्यायालयों के समक्ष ले जाना चाहते हों, उन्हें समयबद्ध रीति से प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग के विचारों सहित पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग को संदर्भित किया जाए और इस विभाग से प्राप्त टिप्पणियों/सुझाव, यदि कोई हों, को प्रमुख पेंशन नीतिगत मुद्दों से जुड़े मामलों में माननीय उच्च न्यायालयों के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले प्रस्तुतीकरण में सम्मिलित किया जाए।

6. प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग अपने प्रस्ताव को संदर्भित करते समय मामले से संबंधित सभी तथ्यों को एक स्व-निहित नोट में सदैव दर्शाएं। इस नोट में याचिकाकर्ता/आवेदक द्वारा मांगी गई राहत, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग की पूर्व सलाह/राय, न्यायालय/केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण(कैट) के समक्ष विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया प्रस्तुतीकरण, निर्णय पर सरकारी वकील की राय, विधि कार्य विभाग और व्यय विभाग/कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की राय, यदि कोई हो, भी सम्मिलित की जाए। **सभी संदर्भ, मामले पर अपने विचारों सहित तथा प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग के सचिव की मंजूरी के साथ, इस विभाग को पहले ही भेजे जाएं।**

7. उपरोक्त अनुदेशों को सभी संबंधितों के संज्ञान में लाया जाए ताकि उनका सख्ती से अनुपालन हो सके। ये अनुदेश व्यय विभाग के परामर्श से जारी किए जाते हैं।

8. इसे इस विभाग के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(ध्रुवज्योति सेनगुप्ता)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष सं. 24625540
ई-मेल : js-doppw@nic.in

सेवा में,

भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ :

i. सचिव, व्यय विभाग
ii. सचिव, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग
iii. सचिव, विधि कार्य विभाग
iv. पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सभी अधिकारी